तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 27 जून 2026

12 कारागुला में भीमसेनी एकादशी पर उमड़ा...



12 विद्यालय में प्रवेशोत्सव पर बच्चों का मुंह मीठा कराया...





**खबर संक्षेप**

### पति-पत्नी के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम गढ़पटनी में पति-पत्नी के साथ मारपीट करने वाले तीन लोगों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम गढ़पटनी के इंद्रकुमार कैवर्त ने बताया कि 24 जून के दोपहर करीब 03 बजे खेत से घर वापस आते समय घर के पास पहुंचा था, तभी आम पेड़ के नीचे पहले से बैठे मोनू, शत्रुघन व एक अन्य ने एक राय होकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का से उसके साथ मारपीट करने लगे। जब उसने आवाज लगाया तब उसकी उमा कैवर्त बीच बचाव करने आई, जिसके शत्रुघन ने मारपीट किया। प्रार्थी ने बताया कि उसकी पत्नी गर्भवती है और पेट में लात मारने से चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक में सवार दो युवक घायल

**महासमुंद।** ग्राम उमरिया नाला के पास कार की टक्कर से एक बाइक में सवार दो युवक घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को बसना के ग्राम संकरी निवासी गजिंदर पटेल ने ताया कि 14 जून को को मेरा पुत्र लिंगराज पटेल अपने दोस्त के मोटर सायकल सीडी110 क्रमांक सीजी 06 जीएम 5388 को लेकर घर से सुबह करीबन 8 बजे ग्राम बेंदारी जाने के लिये निकला था, मोटर सायकल को उसका पुत्र चला रहा था और पीछे सीट में उसका दोस्त उत्तरा निषाद बैठा हुआ था। करीबन 09.30 बजे ग्राम उमरिया नाला के पास सामने की ओर से आ रही आर्टिगा वाहन क्रमांक सीजी 06 एचए 6165 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में लिंगराज के दाये पैर और उत्तरा निषाद दांये पैर में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# निकाय के कार्यकाल तक रहेंगे एल्डरमैन, सरकार को होगा बदलने का हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की 3 नगर पालिका और 3 नगर पंचायतों में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा एल्डरमैन याने मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति की गई है। जिले के स्थानीय राजनीतिक कार्यकर्ताओं को एल्डरमैन के रूप में नामित किया गया है। इनका कार्यकाल निकाय के कार्यकाल तक रहेगा और इन्हें परिवर्तन करने का अधिकार राज्य सरकार को होगा।

नगर पालिका महासमुंद, बागबाहरा, सरायपाली तथा नगर पंचायत पिथौरा, बसना और तुमगांव के लिए नियुक्त किए गए एल्डरमैनों की सूची के अनुसार महासमुंद नगर पालिका में लाल विजय सिंह देव, हनीष बग्गा, मोहन साहू, प्रभा साहू और मधु यादव शामिल हैं। इसी प्रकार नगर पालिका बागबाहरा में दुलारी चंद्राकर, सोहन साहू, मोतीलाल पुजारा, सुरेश महंती, दुर्गा वस्त्रकार, नगर पालिका सरायपाली डॉ. संकीर्तन प्रधान, घांसी विश्वकर्मा, रविंद्र पंडा, मोहन शर्मा, मनोज आदित्य, नगर पंचायत पिथौरा सतप्रीत सलूजा, किशोर पटेल, नरेश सिंघल, नगर पंचायत बसना मुरारी अग्रवाल, जितेंद्र कश्यप, विकास वाधवा एवं नगर पंचायत तुमगांव में चैनुराम साहू, डोमार पटेल, विष्णु धीवर शामिल है। इन एल्डरमैन का कार्यकाल संबंधित स्थानीय परिषद (नगर निकाय) के कार्यकाल के अनुरूप ही प्रभावी रहेगा।

## जिले की नगरीय निकायों में हुई एल्डरमैनों की बहुप्रतीक्षित नियुक्ति

### राज्य सरकार को होगा अधिकार

निकायों में नियुक्त एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) का कार्यकाल संबंधित नगरीय निकाय के कार्यकाल के साथ जुड़ा रहेगा। यानी जिस निकाय मनोनीत हुए हैं उस निकाय के कार्यकाल के समापन के साथ इनका भी कार्यकाल स्वतः समाप्त हो जाएगा। यदि राज्य सरकार चाहे तो नियमों के अनुसार कार्यकाल के दौरान भी एल्डरमैन की नियुक्ति निरस्त कर नई नियुक्ति कर सकती है।




### एल्डरमैन की भूमिका

नवनियुक्त एल्डरमैन परिषद की बैठकों में भाग लेकर सुझाव देंगे। साथ ही स्थानीय विकास और जनहित के मुद्दों पर मार्गदर्शन के साथ शासन और स्थानीय निकाय के बीच समन्वय स्थापित करने में सहयोग देने का कार्य करेंगे। इन्हें परिषद की बैठकों में भाग लेने का अधिकार होगा। लेकिन, अध्यक्ष के निर्वाचन या अविश्वास प्रस्ताव जैसे मामलों में उनके मतदान अधिकार संबंधित राज्य के कानून और नियमों के अधीन होंगे।

**कार्रवाई :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के मामले आए सामने

# 25.50 लाख रुपए का 51 किलो गांजा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने एक कार से 25.50 लाख रुपए का 51 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में सिंघोड़ा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं एक आरोपी मौका पाकर फरार होने में सफल हो गया।

पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद ग्राम रेहटीखोल जाकर कार क्रमांक एचआर 55 एएल 8890 को रोका। कार में 02 व्यक्ति सवार थे। जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया, इस दौरान ड्रायवर सीट के बगल में बैठा व्यक्ति वाहन से उतर कर जंगल की ओर भाग गया। वहीं ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम आलोक कुमार चौहान पिता शिव प्रकाश सिंह (32 साल) निवासी नेगवा खिरिया थाना किशनी जिला मैनपुरी उप्र तथा फरार व्यक्ति का नाम संजीव कुमार पिता शिवकरन सिंह साकिन आरजेड 69 एच हरिजन बस्ती वेस्ट सागरपुर दक्षिण पश्चिम दिल्ली का रहने वाला बताया।




पुलिस की पूछताछ में पकड़ा गया आरोपी गोलमोल जवाब देने लगा। कड़ाई से पूछताछ करने पर कार के बीच सीट में तीन प्लास्टिक बोरियों में गांजा होना बताया, जिसे भुवनेश्वर ओडिशा से कानपुर उत्तर प्रदेश बिक्री के लिए ले जाना बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने बोरी क्रमांक 01 में 09 पैकेट 18.400 किलोग्राम गांजा कीमत 920000 रुपए, बोरी क्रमांक 02 में 08 पैकेट 16.300 किलोग्राम गांजा कीमत 815000 और बोरी क्रमांक 03 में 08 पैकेट 16.300 किलोग्राम गांजा कीमत 815000 कुल कुल 25 पैकेट में 51 किलोग्राम गांजा कीमत 25,50,000 रुपए को बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कार और मोबाइल भी जब्त किए। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(ii)(ग) नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## गांजा तस्करी मामले का मुख्य सरगना तेलंगाना से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने ओडिशा से हरियाणा तक फैले 2.25 करोड़ रुपये (454.890 किलो) की गांजा तस्करी नेटवर्क के मुख्य सरगना बलराम सैनी उर्फ बल्लू को तेलंगाना राज्य से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 'व्हाट्सएप एवं तकनीकी साक्ष्यों के सूक्ष्म विश्लेषण कर मास्टरमाइंड को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के प्रकरणों में महासमुंद पुलिस द्वारा 'सोर्स से लेकर डेस्टिनेशन तक' यानी 'एंड-टू-एंड' कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत थाना बसना के अपराध क्रमांक 153/2026 (धारा 20(बी)ii(सी), 29 एनडीपीएस एक्ट) के तहत पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी सिंडीकेट के मुख्य सरगना बलराम सैनी उर्फ बल्लू को तेलंगाना के सिकंदराबाद से 26 जून को गिरफ्तार कर लिया है।



### गांजा तस्कर को 15 साल की सश्रम कैद, डेढ़ लाख रुपए अर्थदंड

**महासमुंद।** गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने ओडिशा कोरापुट जिला के बारनीपुट निवासी संतोष दोरा (24) को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (11) (ग) के तहत 15 वर्ष के सश्रम कारावास और डेढ़ लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर 1 वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। सजा सुनाते वक्त इस प्रकरण के एक अन्य आरोपी ओडिशा कोरापुट जिला के क्रश्चनपेटा वार्ड - 5 बीजूराजा नगर जयपुर सदर निवासी जय सिंग (25) अनुपस्थित रहा। अभियोजन के अनुसार बागबाहरा थाना क्षेत्र में 31 जुलाई 2020 को वाहन चेकिंग के दौरान पिथौरा चौक बागबाहरा के पास महिन्द्रा मैक्स पिकअप क्र. एपी 31 टीटी 1911 में दोनों व्यक्ति खरियाररोड की तरफ से आ रहे थे। वाहन रोककर पूछताछ करने पर रायपुर मिर्च ले जाना बताया। शंका पर वाहन जांच की गई तो मिर्च की बोरियों के नीचे 15 सफेद प्लास्टिक की बोरियों में गांजा पाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने बताया कि गांजा जयपुर ओडिशा से रायपुर व आसपास बेचने जा रहे थे। 15 प्लास्टिक की बोरियों में 300 किलो गांजा मिला। बागबाहरा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था।

## बैड टच मामले में शिक्षक को 5 साल की सश्रम कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बुरी नीयत से नाबालिग छात्रा के साथ बैड टच मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर फास्टट्रेक कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश मोनिका जायसवाल ने आरोपी शिक्षक गणेश राम चंद्राकर को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 10 के तहत पांच साल का सश्रम कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 के तहत तीन वर्ष का सश्रम कारावास व एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार 8 जनवरी 2025 को महासमुंद थाना में एक छात्रा ने लिखित शिकायत की कि गणित शिक्षक गणेशराम चंद्राकर ने गणित शिक्षण के दौरान शराब के नशे में उसके समक्ष आकर भरी कक्षा में बुरी नीयत से शरीर के अंगों को बैड टच करते हुए सहलाया, जिससे छात्रा को काफी बुरा लगा। शिकायत पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। कोर्ट ने अरोपी शिक्षक गणेश राम चंद्राकर को गुरू-शिष्य जैसे पवित्र रिश्ते को अपवित्र करने का दोषी माना और बैड टच के मामले में सजा सुनाई।

## अनियंत्रित होकर ट्रक के पलटने से बिखरे प्याज और दूसरे सामानों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

ग्राम मुढ़ीपार क्रासिंग के पास ट्रेलर के कट मारने से ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के पलटने से उसमें भरा हुआ प्याज और अन्य सामान बिखर कर पलट गया, जिसकी अज्ञात लोगों ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस को ट्रक मालिक इंद्रजीत सिंह पिता ज्ञान सिंह निवासी विकरोली पार्क साइड बमखाना अकबर की चाल मुंबई जिला थाणा महाराष्ट्र ने बताया कि उसके ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यूएम 3809 को विगत 01 वर्ष से जुझार सिंह चला रहा है। 17/06/2026 को ट्रक मुंबई पाताल गंगा से 25 टन रिलायंस पाउडर और 10 टन प्याज भरकर बालासोर (ओडिशा) जा रहा था। एनएच 53 ग्राम मुढीपार क्रासिंग के पास 21 जून के रात्रि करीबन 11 बजे पहुंचे उसी समय ट्रेलर के कट मारने से ट्रक अनियंत्रित होकर पलटकर क्षतिग्रस्त हो गया और उसमे भरा प्याज और पाउडर गिरकर फैल गया है। जिसे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बिखरा सामान उपयोगहीन प्याज कीमत करीबन 35725 रुपए के अलावा और जेक रॉड , बैटरी, तिरपाल व अन्य सामान कीमत करीबन 23000 रुपए की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 303(2), 314, 324 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## चखना सेंटर में चाकूबाजी का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा के चखना सेंटर में हुई चाकूबाजी की घटना के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि 6 अप्रैल को बागबाहरा देशी शराब दुकान के पास स्थित चखना दुकान चलाने वाले मोनेस यादव पिता प्रेमलाल यादव (21 वर्ष) विराजपाली व छन्नू चक्रधारी के साथ ग्राहक गनपत निषाद पिता शत्रुघन निषाद के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद गनपत ने अपने अन्य साथी अर्जुन गोस्वामी, शिवा मांझी, सोनू देवांगन व एक नाबालिग को फोन कर बुलाया। कुछ देर बाद सभी धारदार हथियार सहित चखना सेटर पहुंचे और मोनेस यादव को दौडाकर धारदार चाकू से वार किया था, जिससे मोनेश के पीठ, पेट व व बांये हाथ पर गंभीर चोट आई थी। घटना के बाद तीनों आरोपी फरार हो गये थे व दो आरोपी गनपत निषाद को गिरफ़्तार व एक विधि से संघर्षरत बालक पर विधि सम्मत कार्रवाई की गई थी।



वहीं मामले बागबाहरा पुलिस द्वारा प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 296, 191(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान 03 फरार आरोपियों अर्जुन गोस्वामी, सोनू देवांगन, शिवा मांझी की तलाशकी जा रह थी। इसी दौरानसोनू देवांगन पिता आदिकांत देवांगन (18 साल 3 माह) वार्ड नं 3 थानापारा बागबाहरा एवं अर्जुन गोस्वामी पिता विनोद गोस्वामी (20 साल) वार्ड न 4 थानापारा बागबाहरा को दिनांक 19/6/2026 को गिरफ्तार किया गया था। वहीं मामले मे शामिल पांचवां व अंतिम आरोपी शिवा मांझी पिता लाभो मांझी (21 साल) वार्ड 5 थानापारा बागबाहरा को 26 जून को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायिक मजिस्ट्रेट बागबाहरा के समक्ष पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

### बागबाहरा में नकाबपोश बदमाशों ने युवकों से की लूटपाट

**महासमुंद।** स्कूटी से घूमने गए दो युवकों से तीन नकाबपोश सोने की चेन और कड़ा लूटकर फरार हो गए। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 24 जून को शाम सात से साढे सात बजे के बीच बागबाहरा का शुभ सोनी और उसका दोस्त श्रेयांश जैन स्कूटी से घूमने झलप रोड की ओर गए थे। वे दोनों महोबिया ट्रेडर्स के पीछे मैदान में बैठे थे, तभी चेहरे पर स्कार्फ बांधे हुए तीन व्यक्ति बाइक से आए और चाकू दिखा कर शुभ के गले से सोने की चेन और श्रेयांश जैन के कड़े को लूट कर बागबाहरा की ओर भाग निकले। घटना की जानकारी शुभ ने अपने पिता नीलेश कुमार सोनी को दी, जो सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे और लूटपाट करने वालों की तलाश की। बाद में घटना की रिपोर्ट नीलेश कुमार सोनी ने बागबाहरा थाने में दर्ज कराई गई। प्रार्थी नीलेश कुमार सोनी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने पुत्र शुभ सोनी को करीबन 01 वर्ष पहले 25 ग्राम की सोने की चेन कीमत लगभग 238000 रुपए दिया था। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 309, 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**डंगालों की कटाई-छंटाई कराने की मांग**

## पेड़ के डंगाल टकराने से बिजली हो रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर के गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 15 महलपारा तथा मेन रोड के साथ-साथ सभी वार्डों में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली तार, खंभे व ट्रांसफार्मर में पेड़ों के डंगाल टकराने से शार्ट होकर बार-बार विद्युत सप्लाई में बाधा हो रही है। पेड़ों में करंट आने के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना घटित होने से जनधन की हानि की प्रबल संभावना है। बारिश को ध्यान में रखते हुए हाइटेंशन तारों को बड़े-बड़े पेड़ों से दूरी करने डंगालों को काटने के लिए ज्ञापन दिया गया है। सरायपाली शहर के मुख्य मार्गों गौरव पथ के दोनों ओर हाइटेंशन तार गया हुआ है। कई स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ का झुकाव हाइटेंशन तार से लगा हुआ है, जो कि बारिश के समय आंधी तूफान में डंगाल टूटकर हाइटेंशन तार को जगह-जगह पर तोड़ देती है। जिसके कारण घंटों लाइट बंद रहती है। विद्युत असमय बंद होने से आम जनता के परेशानियों को देखते हुए एवं बारिश को ध्यान में रखते हुए जहां-जहां बड़े-बड़े पेड़ की डगलियां विद्युत तार को नुकसान पहुंचा सकती है, उस पेड़ की डंगालियों को काटा जाए। ताकि, भविष्य पेड़ में आंधी-तूफान के समय पेड़ की डंगालियों से तार टूटकर न गिरने पाए और जन धन की हानि से आम जनता एवं नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को बचाया जा सके। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री छत्तीसगढ़ राज्य के विद्युत मंडल संभाग सरायपाली एवं कनिष्ठ यंत्री विद्युत मंडल शहर सरायपाली को नरेंद्र कुमार यादव प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस जनसमस्या निवारण एवं पिछड़ा वर्ग विभाग ने ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग की।



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

# 15वें वित्त आयोग से मिली राशि का देना होगा हिसाब, उपयोगिता प्रमाणपत्र और निर्माण के सुबूत के लिए फोटो भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग से करोड़ों रुपए मिले हैं, इस राशि से बड़ी संख्या में निर्माण कार्य भी कराए गए हैं, लेकिन निकायों ने राशि का हिसाब नहीं दिया, न ही राशि के उपयोग संबंधी उपयोगिता प्रमाण पत्र दिए हैं।

इस मामले को लेकर अब नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की आपत्ति के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों से निर्माण कार्यों एवं सामग्री खरीदी के उपयोगिता प्रमाण-पत्र और सत्यापित फोटोग्राफ उपलब्ध कराने को कहा है।

## नगरीय प्रशासन एवं विकास ने जारी किया आदेश, सीएजी और राज्य संपरीक्षा की है आडिट आपत्ति

### सीएजी ने क्या आपत्ति लगाई?

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा इस संबंध में जारी पत्र में कहा गया है कि 15वें वित्त आयोग के तहत जारी स्वीकृति पत्रों में स्पष्ट शर्त रखी गई थी कि स्वीकृत राशि के उपयोगिता प्रमाण-पत्र और सत्यापित फोटोग्राफ निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराए जाएंगे। लेकिन अधिकांश निकायों ने इस शर्त का पालन नहीं किया। दस्तावेज में उल्लेख है कि इसी संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा (सीएजी ऑडिट) की वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट की कंडिका 14.13 (11) में भी आपत्ति दर्ज की गई है। यानी



ऑडिट में यह पाया गया कि अनुदान राशि खर्च किए जाने के बावजूद उसके उपयोग के पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए गए।

### आखिर क्यों महत्वपूर्ण है उपयोगिता प्रमाणपत्र?

किसी भी सरकारी अनुदान के मामले में उपयोगिता प्रमाणपत्र सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जाता है। इसके माध्यम से संबंधित निकाय यह प्रमाणित करता है कि प्राप्त राशि उसी उद्देश्य पर खर्च की गई, जिसके लिए उसे स्वीकृत किया गया था। यदि उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय पर प्रस्तुत नहीं किए जाते, तो भविष्य में मिलने वाले अनुदान प्रभावित हो सकते हैं। कई मामलों में केंद्र और राज्य सरकारें अगली किश्त जारी करने से पहले पिछली राशि के उपयोग का प्रमाण मांगती हैं।

### अब क्या जानकारी मांगी गई है

विभाग ने सभी क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधीन आने वाले निकायों से वर्षवार जानकारी एकत्र करें। इसमें शामिल हैं- 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त राशि का विवरण। विभिन्न कार्यों पर खर्च की गई राशि। सामग्री और मशीनरी की खरीद का ब्योरा। उपयोगिता प्रमाण-पत्र, कार्यों के सत्यापित फोटोग्राफ। शेष बची राशि का विवरण। इसके लिए विभाग ने अलग-अलग प्रारूप भी जारी किए हैं, जिनमें वर्ष 2020-21 से लेकर 2025-26 तक प्राप्त और व्यय की गई राशि का विवरण भरना होगा।

### 15वें वित्त आयोग से कितना पैसा मिला

15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26 तक रही। इस दौरान देशभर के शहरी स्थानीय निकायों को जलापूर्ति, स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक स्वास्थ्य और शहरी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये दिए गए। छत्तीसगढ़ के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को भी इसी अवधि में बड़ी मात्रा में अनुदान प्राप्त हुआ। इन निधियों का उपयोग सड़क, नाली, पेयजल, कचरा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट, पार्क और अन्य नागरिक सुविधाओं के निर्माण में किया गया।

### फोटोग्राफ क्यों मांग रही सरकार

विभाग ने केवल उपयोगिता प्रमाण-पत्र ही नहीं बल्कि कार्यों के सत्यापित फोटोग्राफ भी मांगे हैं। इसके पीछे उद्देश्य यह है कि ऑडिट के दौरान यह प्रमाणित किया जा सके कि जिस कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई थी, वह वास्तव में धरातल पर पूरा हुआ या नहीं। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न राज्यों में ऑडिट एजेंसियों ने पाया है कि कई बार कागजों में कार्य पूर्ण दिखा दिए जाते हैं, जबकि मौके पर स्थिति अलग होती है। इसी कारण अब फोटो आधारित सत्यापन को भी महत्व दिया जा रहा है।

### वित्तीय अनुशासन पर बढ़ा दबाव

जानकारों का मानना है कि यह केवल दस्तावेज जुटाने की कवायद नहीं है, बल्कि 15वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग पर बढ़ती निगरानी का हिस्सा है। यदि निकाय समय पर प्रमाण-पत्र और साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो उन्हें भविष्य में मिलने वाले अनुदान और वित्तीय स्वीकृतियों पर असर पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप



### आयुष स्वास्थ्य शिविर में 367 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

**रायपुर।** आयुष विभाग ने अभनपुर के ग्राम बेलर में प्रथम विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। शिविर प्रभारी डॉ. विनीता सोनवानी ने बताया कि शिविर में कुल 367 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। इस दौरान 211 मरीजों का ब्लड प्रेशर एवं 63 मरीजों का ब्लड शुगर परीक्षण कर उन्हें आवश्यक औषधियां उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा 150 लोगों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुष क्वाथ वितरित किया। शिविर में दैनिक जीवन में आयुर्वेद की दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं योग के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में डॉ. शीतला देवी चौहान, डॉ. शशि भूषण तिवारी, डॉ. डोलानारायन पटेल, डॉ. दीप्ति श्रीवास, डॉ. अंकिता पटेल सहित चोवा राम साहू, हेमंत कुमार मेश्राम, तोषण साहू, दुर्गा प्रसाद देवांगन, पुष्पा सोनवानी, शैलेन्द्र देवांगन, अंकित हलधर, डेमन यादव ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

### महिलाओं ने सामूहिक रूप से किया गायत्री मंत्र का जाप



**रायपुर।** गायत्री जयंती के अवसर पर हरसंभव फाउंडेशन की महिलाओं ने गुरुवार को सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का जाप किया। इस मौके पर संस्था की पदाधिकारियों ने बताया कि गायत्री मंत्र के उच्चारण मात्र से ज्ञानपीठ प्रकाशमान होता है, आत्मिक शांति आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सकारात्मक बुद्धि विकास प्राप्त होती है। इस मंत्र को विद्यालय में विद्यार्थियों को नियमित रूप से जरूर कराना चाहिए। इस अवसर पर हरसंभव फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता त्रिपाठी, नेहा संतोषवार, ममता गुप्ता, सुनीता सिंह, छाया देवांगन, गीता कटारिया, अनीता अग्रवाल, नीलम जैन, पूजा शर्मा, रीना सोनी, ज्योति अग्निहोत्री आदि सभी ने पीतांबर वस्त्र धारण करके गायत्री मंत्र का उच्चारण किया।

### तृतीय लिंग समुदाय को रोजगार देने वॉक-इन-इंटरव्यू 2 जुलाई को

**रायपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा तृतीय लिंग समुदाय के लोगों को रोजगार देने के लिए 2 जुलाई को वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित करेगा। यह इंटरव्यू रायपुर स्थित गांधी चौक में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। इस वॉक-इन-इंटरव्यू में अलर्ट एस.जी.एस. प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के कुल 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस इंटरव्यू में प्रदेश के सभी जिलों के तृतीय लिंग समुदाय के पात्र अभ्यर्थी भाग ले सकते है।

### सीएम हेल्पलाइन की मदद से दिव्यांग डिगेश्वर को मिली बैटरी ट्रायसिकल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 में शिकायत एवं समस्या का शीघ्र गति से समाधान किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम खरोरा निवासी दिव्यांग डिगेश्वर देवांगन की मांग पर उन्हें 24 घंटे के भीतर समाज कल्याण विभाग की ओर से माना स्थित शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बैटरी चलित ट्रायसिकल दी गई। डिगेश्वर 80 प्रतिशत दिव्यांग है।

## जिले में अब तक 1750 किसानों के नाम हटे, इनमें कई मृतक भी शामिल

# 11 हजार संदिग्ध, इनमें 4800 किसान ऐसे, जिनके खाते संयुक्त, दूसरे सदस्य भी ले रहे थे योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किसानों को जारी होने वाली राशि में फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद रायपुर जिले में अब तक 1750 किसानों के नाम हटाए गए हैं। ये वही किसान हैं, जिनके परिवार में उनके साथ दूसरे सदस्य भी इस योजना का लाभ उठा रहे थे। इनमें कई मृतक भी शामिल थे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिले में 11 हजार संदिग्ध किसानों की सूची मुख्यालय से प्राप्त हुई है, जिनके बारे में विभाग भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इस सत्यापन के दौरान विभाग 1310 अपात्र किसानों के नाम की सूची पहले ही मुख्यालय भेज चुका है। हालांकि इस सूची में मृतक एवं विभिन्न कारण से अपात्र लाभार्थी किसानों के नाम भी शामिल हैं।

### 23वीं किस्त में 35 लाख की कटौती

*केंद्र सरकार ने हाल ही में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी की है। इस किस्त के तहत विभाग के पोर्टल में पंजीकृत फार्मर आईडी वाले सक्रिय किसानों की संख्या 91 हजार 845 है। इन किसानों के लिए कुल 18 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि जारी की गई है। इससे पूर्व 22वीं किस्त के दौरान पंजीकृत सक्रिय किसान सदस्यों की संख्या 92 हजार 578 थी। इस दौरान 22वीं किस्त के रूप में कुल 18 करोड़ 71 लाख रुपए की राशि जारी हुई थी, वहीं इस बार कुल राशि में 35 लाख रुपए कम है। इससे पता चलता है कि इस बार 1750 किसानों के नाम पोर्टल से हटाए गए हैं, जिन्हें 22वीं किस्त जारी की गई थी।*




### 4822 किसानों के खाते संयुक्त

जिले में भौतिक सत्यापन के दौरान लाभार्थी किसानों में 4822 किसान ऐसे मिले हैं, जिनके बैंक खाते सिर्फ उनके नाम पर नहीं, बल्कि पति और पत्नी दोनों के नाम पर संयुक्त रूप से खुले हुए हैं। जिले में संदिग्ध किसानों की सूची मिलने के बाद विभाग ने अब प्रत्येक लाभार्थी किसानों को बैंक खाता भी सिर्फ उनके नाम पर खोलने के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि जिन किसानों के संयुक्त खाते खुले हैं, उनमें कुछ किसानों की मृत्यु होने के बाद भी फौती कराए बिना किस्त की राशि उनके खातों में जा रही थी।

### मृत्यु के बाद भी परिवार उठाते रहे योजना का लाभ

संदिग्ध किसानों के अलावा कई किसानों की मृत्यु के बाद भी उनके परिवार वाले इस योजना का लाभ उठाते रहे हैं। जिले में जब से योजना शुरू हुई, तब से लेकर अप्रैल 2026 तक कुल 2239 किसानों की मृत्यु भी हो चुकी है। इनमें कई किसानों की कोविड काल के दौरान भी मृत्यु हुई थी, लेकिन उनकी मृत्यु के बाद भी योजना की राशि उनके खातों में जा रही थी, क्योंकि न ही उनके परिजनों ने इसकी जानकारी विभाग को दी थी और न ही विभाग द्वारा इसका भौतिक सत्यापन किया गया। हालांकि अब मृत किसानों के नाम पोर्टल से हटा दिए गए हैं, लेकिन उनके परिवार के अन्य किसान सदस्य फौती कराकर अब इस योजना से पुनः जुड़ गए है।

### सालभर में 2-2 हजार की 3 किस्त

इस योजना के तहत सालभर में लाभार्थी किसान को कुल 6 हजार रुपए की राशि दी जाती है। यह राशि 3 किस्तों में उन्हें मिलती है। अब तक जो अपात्र पाए गए हैं, उनमें सरकारी नौकरी, आईटीआर धारक, पेंशनधारी सहित अन्य कई कारण हैं।

### 4822 किसानों को चिन्हांकित किया

योजना का लाभ लेने वाले संयुक्त खाताधारक किसानों के अब व्यक्तिगत नाम पर खाते खुलवाए जा रहे हैं। जिलेभर में ऐसे 4822 किसानों को चिन्हांकित किया है। भौतिक सत्यापन के दौरान जैसे-जैसे अपात्र, मृतक किसानों के नाम सामने आ रहे हैं, उन्हें हटाने के लिए सूची मुख्यालय भेजी जा रही है।

**- सतीश अवस्थी,**
उप संचालक,
कृषि विभाग रायपुर

# विद्यालय निरीक्षण करने पहुंचे विधायक मिश्रा, नए भवन निर्माण का दिया भरोसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय का रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर का भ्रमण कर छात्राओं, शिक्षकों एवं स्कूल प्रबंधन से चर्चा की तथा विद्यालय की आवश्यकताओं और समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र नवीन भवन निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

भ्रमण के दौरान पुरंदर मिश्रा ने कहा कि बेटियों की शिक्षा के लिए सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक अधोसंरचना उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है तथा इस संबंध में स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भी प्रेषित किया गया है। रायपुर उत्तर विधायक ने विद्यालय की कक्षाओं, परिसर एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित करते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी सुविधाओं और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा। शिक्षकों से भी चर्चा कर शैक्षणिक गतिविधियों एवं आवश्यक संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय प्रबंधन एवं शाला विकास समिति के सदस्यों ने विधायक पुरंदर मिश्रा के समक्ष विद्यालय से संबंधित विभिन्न आवश्यकताओं और विकास कार्यों की जानकारी रखी। इस पर विधायक ने सकारात्मक पहल का भरोसा देते हुए कहा कि छात्राओं को बेहतर वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर शाला विकास समिति की अध्यक्ष मिली बैनर्जी, अनीता महानंद, वार्ड पार्षद खगपति सोनी, प्राचार्य प्रवीर कुमार चटर्जी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।*

# मुख्यमंत्री साय बोले- आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताया। वीडियो में आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों पर हुए प्रतिबंध, बड़े पैमाने पर हुई गिरफ्तारियों, प्रेस सेंसरशिप, लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष तथा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के संदेश को प्रमुखता से दर्शाया गया है।



कांग्रेस सरकार ने बंद की थी सम्मान निधि, हमारी सरकार ने बहाल कर लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान को दी नई गरिमा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने सत्ता के अहंकार में संविधान की आत्मा को कुचलते हुए पूरे देश पर आपातकाल थोप दिया था। आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों पर गंभीर प्रहार हुआ। मीसा जैसे दमनकारी कानूनों के तहत हजारों लोकतंत्र सेनानियों, पत्रकारों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को जेलों में बंद कर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन लोकतंत्र के रक्षकों का साहस और संकल्प अडिग रहा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया जाना उन सभी लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे नई पीढ़ी भारतीय लोकतंत्र के उस काले अध्याय को जान सकेगी और संविधान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अधिक जागरूक होगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने भी लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान को पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा बंद की गई सम्मान निधि को पुनः प्रारंभ करते हुए बकाया राशि का भुगतान किया गया तथा लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक-2025 पारित कर उनके सम्मान को कानूनी संरक्षण प्रदान किया गया।

# अंजय ने मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धियों का साहित्य किया भेंट

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने राज्य के प्रमुख प्रबुद्धजनों से संपर्क यात्रा के दौरान उनके निवास जाकर मुलाकात कर आत्मीय सम्मान के साथ 12 साल बेमिसाल की उपलब्धियों का साहित्य भेंट किया। जिसमें पूर्व प्रमुख सचिव डॉ. सुशील त्रिवेदी (आईएएस), शदाणी दरबार पीठाधीश्वर संत युधिष्ठिर महाराज, रावतपुरा सरकार ट्रस्ट के उपाध्यक्ष जितेंद्र उपाध्याय (आईएफएस), पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल (आईएएस), डॉ. दिनेश मिश्रा आंख रोग विशेषज्ञ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन छग के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी, मां महाकाली मंदिर ट्रस्ट आकाशवाणी चौक के सचिव प्रो. डीके दुबे, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं एचओडी डॉ. मढ़रिया, विख्यात पैथोलॉजिस्ट डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. चंद्रिका साहू रेडियोलॉजिस्ट साहू डायग्नोस्टिक, वरिष्ठ पत्रकार शिव दुबे, राजेश जोशी, डॉ. सुनील खेमका आर्थोपेडिक नारायणा हॉस्पिटल, अधिवक्ता सुधांशु शेखर शुक्ला, प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी, गौड़ ब्राह्मण महिला समाज की अध्यक्ष प्रतिमा ओमप्रकाश पुजारी, मार्बल मार्केट के अध्यक्ष व प्रसिद्ध व्यवसायी किशनचंद जैन, कमल सारडा प्रसिद्ध उद्योगपति को प्रधानमंत्री के 12 साल की उपलब्धियों का साहित्य भेंट किया।



# छत्तीसगढ़ में मानसून की धीमी रफ्तार, आधे से ज्यादा जिलों में किसानों पर छाए चिंता के बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून की धीमी रफ्तार ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जून के अंतिम सप्ताह तक कई क्षेत्रों में अपेक्षित बारिश नहीं होने से खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित हो रही है। मौसम विशेषज्ञों ने पहले ही मानसून की गति सामान्य से धीमी रहने और कुछ क्षेत्रों में कम वर्षा की संभावना जताई थी, जिसके चलते कृषि गतिविधियों पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ में मानसून करीब 7 दिन देर से प्रदेश में पहुंचा है और इसका असर भी काफी धीमा है। राज्य में बारिश का कोटा अब तक 73 फीसदी कम है।

आंकड़ों की बात करें, तो 1 जून से अब तक राज्य में 117.2 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, मगर सिर्फ 43.2 मिमी पानी ही बरस पाया है। प्रदेश के अनेक जिलों में किसान धान समेत खरीफ फसलों की बुआई के लिए पर्याप्त वर्षा का इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून प्रदेश में प्रवेश कर चुका है, लेकिन इसकी सक्रियता अपेक्षाकृत कमजोर बनी हुई है। हालांकि आगामी दिनों में कुछ जिलों में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। संभावित कम वर्षा और अल नीनो जैसे मौसमीय प्रभावों को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क है। यदि आने वाले दिनों में मानसून सक्रिय नहीं हुआ तो खरीफ सीजन की बुआई, जलाशयों के जलस्तर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में किसानों की नजर अब आगामी बारिश पर टिकी हुई है।



1 जून से अब तक राज्य में 117.2 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, मगर सिर्फ 43.2 मिमी बरिश

### इन जिलों में सूखे के हालात

बस्तर जिले में 142.7 मिमी के मुकाबले 74.8 मिमी बारिश हुई है, जो 48 प्रतिशत कम है। दंतेवाड़ा जिले में 107.7 मिमी के मुकाबले 49.9 मिमी बारिश हुई है, जो 54 प्रतिशत कम है। सुकमा जिले में 60.3 मिमी के मुकाबले 54 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है। रायपुर, दुर्ग और महासमुंद जैसे इलाकों में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। राजधानी रायपुर में 90.1 मिमी के मुकाबले सिर्फ 25.3 मिमी बारिश हुई है, जो कि 72 प्रतिशत कम है। वहीं राजनांदगांव में तो हालात और भी बुरे हैं, वहां 92 प्रतिशत तक बारिश की कमी देखी जा रही है। मोहला-मानपुर-चौकी में तो आंकड़ा 95 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। बिलासपुर में 87.6 मिमी के मुकाबले 9.9 मिमी बारिश हुई है, जो 89 प्रतिशत कम है। बालोद में 101.9 मिमी के मुकाबले 19.8 मिमी बारिश हुई है, जो 81 प्रतिशत कम है। बलौदाबाजार जिले में 81.3 मिमी के मुकाबले 15.3 मिमी बारिश हुई है, जो 81 प्रतिशत कम है। इसी प्रकार गौरेला-पेंड्रा में 79, जांजगीर-चांपा में 78 और बेमेतरा में 78 फीसदी कम बारिश हुई है।

## कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण का 6वां दिन, पार्टी की रीति-नीति और संगठन की मजबूती पर चर्चा

# राष्ट्रीय महासचिव संगठन वेणुगोपाल, प्रभारी पायलट प्रशिक्षण शिविर में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के 6वें दिन कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने जिला अध्यक्षों को पार्टी की रीति-नीति और संगठन की मजबूती के गुर सिखाए। उन्होंने कहा, संगठन सृजन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने निचले स्तर के मजबूत लोगों को जिला अध्यक्ष के रूप में अवसर दिया है। आपको मिले अवसर का उपयोग संगठन की मजबूती के लिए करना है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश के लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रहे। छात्रों, किसानों, मजदूरों, अनुसूचित जाति, जनजाति, सर्वहारा वर्ग की आवाज राहुल गांधी बने है। हमें राहुल की वंचितो की लड़ाई आगे तक ले जाना है। अनुशासन संगठन की सर्वोपरि है, सभी को अनुशासन के साथ संगठन को मजबूत करना है।

**लांबा आज प्रशिक्षण में शामिल होंगी**

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी जिला अध्यक्षों के ट्रेनिंग में व्याख्यान दिया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा भी प्रशिक्षण में शामिल होने रायपुर आई है वे कल जिला अध्यक्षों को संबोधित करेंगी।



### वेणुगोपाल ने कहा- देश में अघोषित आपातकाल, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा की कथनी और करनी में अंतर

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, आज देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति पैदा कर दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। वेणुगोपाल कांग्रेस जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने गुरुवार को राजधानी रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी के जमीनी ढांचे को मजबूत करने के लिए देशभर में 'संगठन सृजन अभियान' चलाया जा रहा है। अब तक 9 राज्यों में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है और जल्द ही इसे शेष राज्यों में भी लागू किया जाएगा।

**इतिहास बदलने में जुटी सरकार, नीट परीक्षा में फेल**

भाजपा की नीतियों की आलोचना करते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा, भाजपा केवल विभाजनकारी राजनीति में रुचि रखती है और देश के इतिहास को बदलने का प्रयास कर रही है।

### पायलट बोले- बीजेपी अपनी अंदरूनी खींचतान पर ध्यान दे, कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर की चिंता छोड़े



छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, भाजपा को कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर की चिंता छोड़ कर अपनी सरकार और संगठन की अंदरूनी खींचतान पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस 135 साल पुरानी पार्टी है। नए जिलाध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सचिन पायलट ने कहा, राहुल गांधी की सोच के अनुरूप कांग्रेस बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के अभियान में जुटी है। 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम देश के कई राज्यों में सफलतापूर्वक आयोजित किए जा रहे हैं।

### लांबा ने कहा- भाजपा के डीएनए में हिंसा और नफरत



महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस महात्मा गांधी के विचारों वाली पार्टी है, जो सत्य और अहिंसा में विश्वास करती है, जबकि भाजपा की राजनीति नफरत और हिंसा पर आधारित है। अल्का लांबा गुरुवार शाम रायपुर पहुंचीं, इस दौरान उन्होंने राजीव भवन में संवाददाताओं से महिला आरक्षण के मुद्दे पर कहा, स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण मिलने के बाद बड़ी संख्या में महिलाएं पंच, सरपंच और जनप्रतिनिधि बनकर अपने क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी हैं। उन्होंने कहा, अब विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

## खबर संक्षेप

### कबीर पंथी समाज 29 को निकालेगा शोभायात्रा



**घाटलोहंगा।** कबीर पंथी समाज मटनार पनकापारा आयोजक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने आज बस्तर विधायक एवं विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल से मुलाकात कर उन्हें 29 जून को आयोजित होने वाले 628वें सद्गुरु कबीर साहेब प्राणोत्सव एवं शोभायात्रा में मुख्य रूप से शामिल होने निमंत्रण पत्र भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को बताया कि कबीर साहेब प्राणोत्सव को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में कलश यात्रा, शोभायात्रा, सत्संग, भजन-कीर्तन एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में कबीर पंथी समाज सहित क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल होंगे। सदस्यों ने विधायक से कार्यक्रम में उपस्थित होकर समाज को अपना आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन देने का आग्रह कियाद्ध इस अवसर पर विधायक ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजक समिति का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि संत कबीर साहेब के विचार समाज में समानता, भाईचारा, प्रेम और मानवता का संदेश देते हैं ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### आज परसट्ठी में रंगमंच और सीसी रोड का लोकार्पण

**सिर्री।** ग्राम पंचायत परसट्ठी, धूमा, खर्रा, दर्रा में 27 जून को जनसंपर्क अभियान के तहत कुरूद विधायक अजय चंद्राकर का आगमन होगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परसट्ठी में 4 लाख 10 हजार की लागत से बने रंगमंच भवन और 5 लाख 20 हजार की लागत से बने सीसी रोड का लोकार्पण विधायक द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी सरपंच ओमप्रकाश साहू ने दी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू

**धमतरी।** भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज धमतरी के प्राचार्य ने बताया कि संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पात्र विद्यार्थी 30 दिसंबर तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदन करना आवश्यक होगा। नवीनीकरण के विद्यार्थियों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून से 30 दिसंबर जबकि नवीन आवेदकों के लिए आवेदन की अवधि 1 अगस्त से 30 दिसंबर तक है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय ब्राम्हणपारा निवासी मनोज कुमार सोनी पिता भंवरलाल उम्र 59 वर्ष सुनार का काम करता था। उसकी पत्नी का 6-7 वर्ष पहले निधन हो गया था। उसके बाद से अधेड़ गुमशुम रहता था।

# कोसमर्रा स्कूल में शिक्षा, संस्कार और उत्साह का दिखा अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुस्तकें प्रदान कर तिलक लगाकर, गुलदस्ता भेंट कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष खेमेश्वर राव वाकडे, विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच ओम प्रकाश साहू, शिक्षाविद् भगवानी राम शांडिल्य रहे। अध्यक्षता प्राचार्य दोमन लाल साहू ने की।

छात्रों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। शिक्षा सामाजिक, विकसित राष्ट्र की नींव रखती है। आज के विद्यार्थी कल के जिम्मेदार नागरिक और देश के भविष्य हैं। प्राचार्य डीएल साहू, व्याख्याता सीआर साहू ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है बल्कि यह बच्चों के व्यक्तित्व, चरित्र और भविष्य निर्माण का माध्यम है। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित अनुशासित और आधुनिक तकनीक से युक्त शिक्षा वातावरण प्रदान करना है ताकि वे ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात कर सके।

इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं बल्कि बच्चों के सपनों को आकार देने संस्कारों को संवारने और उज्जवल भविष्य की नींव रखने का सशक्त केंद्र है।


इस अवसर पर बालकृष्ण साहू, पुष्पेंद्र गुरु, वासुदेव सोनबेर, सीमा सोनी, नरेश कुमार, रविंद्र बंधे, मानसिंह जांगड़े, किरण मनहर, अनिल साहू, हरिश्चंद्र सिंह नेताम समेत अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल साहू एवं आभार व्यक्त बालकृष्ण साहू ने किया।

**शाला प्रवेशोत्सव पर बच्चों का पुस्तक बांटकर किया स्वागत**



## बारिश में फिर बढ़ेंगी जनता की मुश्किलें, एप्रोच मार्ग में जगह-जगह गहरे गड्ढे

# कछुआ चाल से चल रहा 46.97 करोड़ का मेघा सेतु निर्माण कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

मेघा महानदी में सेतु निर्माण का कार्य 8 जनवरी 2025 से प्रारंभ हुआ था। 46 करोड़ 97 लाख 67000 रुपये की लागत से सेतु निर्माण कार्य कछुआ चाल से चल रहा है। ब्लॉक मुख्यालय सहित महासमुंद, गरियाबंद, नगरी सिहावा, ओडिशा, रायपुर, धमतरी, कुरूद जैसे अनेक बड़े शहरों को जोड़ने वाला व्यस्ततम मार्ग मेघा महानदी ब्रिज है।

ठेकेदार द्वारा नाममात्र के मजदूर एवं संसाधन की कमी की वजह से सेतु निर्माण कार्य में तेजी नहीं आ रही है जिससे क्षेत्र की जनता को इस वर्ष भी बारिश में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।





### एप्रोच मार्ग बारिश के पूर्व बंद होने की कगार पर

मेघा महानदी में सेतु निर्माण कार्य चल रहा है। ठेकेदार द्वारा कच्चा एप्रोच मार्ग बनाया गया है। बरसात के पूर्व एप्रोच मार्ग में जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं जिसकी मरम्मत ठेकेदार द्वारा आज तक नहीं की गई है। एप्रोच मार्ग को सिर्फ कच्ची मिट्टी से बना दिया गया है। हल्की बारिश में भी पूरा मार्ग कीचड़युक्त हो जाता है।

### 12 किमी का सफर हुआ 40 किमी

मेघा महानदी सेतु निर्माण के कछुआ चाल के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में परेशानी होगी। मेघा से कुरूद की दूरी मात्र 12 किमी है किंतु मार्ग टूटने से लोगों को 40 किमी दूर का सफर करना पड़ेगा। मेघा से खैरझिटी मधुबन मार्ग होते हुए करेली बड़ी नई मार्ग से आना जाना पड़ेगा जिसकी दूरी लगभग 40 किमी है।

### मजबूत वैकल्पिक मार्ग बनाने ठेकेदार गंभीर नहीं

महानदी सेतु निर्माण के पूर्व जनता के आवागमन हेतु मजबूत वैकल्पिक मार्ग बनाने अनुबंध में स्पष्ट रूप से उल्लेख होने के बावजूद शासन के नियम कानून का खुलेआम उल्लंघन कर घटिया लचर वैकल्पिक मार्ग निर्माण कर महज औपचारिकता पूरी की गई है। मजबूत वैकल्पिक मार्ग बनाने ठेकेदार ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई है जिससे क्षेत्रवासियों में काफी आक्रोश है।

### सब होंगे परेशान

वैकल्पिक मार्ग बारिश के मौसम में टूटने की कगार पर है। आमजनता की सुविधा, परेशानी से ठेकेदार को कोई सरोकार नहीं है। ठेकेदार द्वारा जर्जर कीचड़युक्त वैकल्पिक मार्ग की आज तक मरम्मत नहीं की गई है। प्रथम बरसात में ही सड़क मार्ग टूटने से आवागमन अवरुद्ध हो जाएगा। क्षेत्र के किसानों को रबी फसल की धान की बिक्री सहित खाद दवा की खरीदी करने कुरूद आने-जाने में 3 गुना से अधिक खर्च का भार पड़ेगा। छात्र-छात्राओं को कालेज आईटीआई, पालीटेक्निक शिक्षा ग्रहण करने के लिए धमतरी कुरूद, रायपुर आने जाने में परेशानी होगी।

# परसट्ठी में घास भूमि से हटाया गया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

■ 15 ग्रामीणों ने लगभग 5 एकड़ में कर लिया था कब्जा

ग्राम पंचायत परसट्ठी (संकरी) में 15 ग्रामीणों द्वारा लगभग 5 एकड़ में कब्जा की गई घासभूमि को पंचायत द्वारा हटाया गया। सरपंच ओमप्रकाश साहू ने बताया कि गांव में अनेक ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर उसे पोल, तार जाली से घेरा किया गया था। सरपंच, पंचगण और सचिव की उपस्थिति में पंचायत में मीटिंग कर अतिक्रमण हटाने प्रस्ताव किया गया। साथ ही संबंधित व्यक्तियों को कब्जा हटाने पंचायत द्वारा नोटिस भी दिया गया लेकिन नोटिस के बाद भी कब्जाधारियों के हौसले बुलंद रहे। परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत ने पंचगण, ग्राम प्रमुख एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में घासभूमि पर किए गए कब्जाधारियों से कब्जा हटाया और जगह सुरक्षित किया। अतिक्रमण हटाने के दौरान उपसरपंच ममता साहू, पंचगण दीपक कुमार, अजीत कुमार, तामेश्वर, गोपीचंद, कुमारीबाई, मोनिका साहू, ललिता तारक, मनीषा साहू, गणेश्वरी साहू सहित ग्रामीण वामनदेव साहू, देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, संतोष साहू, चंद्रहास साहू, त्रिलोचन साहू, खेमन साहू, बालाराम साहू उपस्थित थे।

### अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी : सरपंच

सरपंच ओमप्रकाश ने बताया कि 15 ग्रामीणों ने लगभग 5 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण कर लिया था।



लगातार एक सप्ताह से कब्जा हटाने की कार्रवाई की जा रही है और भूमि सुरक्षित की जा रही है। सरपंच ने बताया कि भविष्य में किसी ग्रामीण द्वारा अतिक्रमण किया जाता है तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### पोटियाडीह में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने मंगलवार को ग्राम पोटियाडीह में नवनिर्मित सार्वजनिक शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सार्वजनिक शेड के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद विधायक श्री साहू ने वीरांगना रानी दुर्गावती के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने दुर्गावती चौक धमतरी में आयोजित समारोह में पहुंचकर रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनके अद्वितीय शौर्य, त्याग और बलिदान को नमन किया। ग्राम डोमा एवं ग्राम करेठा में आयोजित शहादत दिवस कार्यक्रम में भी शामिल हुए। विधायक ने कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की अमर वीरांगना हैं, जिनका जीवन साहस, स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। समाज को रानी दुर्गावती के आदर्शों को आत्मसात करते हुए शिक्षा, एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

# रेनबो इंग्लिश मिडियम स्कूल में विद्यार्थियों का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

रेनबो इंग्लिश मिडियम स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत उत्साह एवं उल्लास के साथ हुई। विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों के स्वागत हेतु विशेष तैयारियां की गई थीं। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं शुभकामनाओं के साथ स्वागत किया गया। प्रथम दिवस को यादगार बनाने के लिए विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला।

विद्यालय के संचालक पारखदास मानिकपुरी ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करना है। नए सत्र में अनेक नवाचारों एवं गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सीखने को और अधिक आनंददायक बनाया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### डीजी ट्रेनिंग अकादमी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग अभ्यास शिविर का आयोजन सुबह 6 बजे किया गया। जिसमें अकादमी के संस्थापक व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू के द्वारा योगाभ्यास करवाया गया एवं आसान, प्राणायाम, योगनिद्रा का अभ्यास शिविर में योगाभ्यास कराया गया।

## अंचल की खबरें

### मौरीखुर्द में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मना



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला मौरीखुर्द में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति द्वारा बच्चों को खीर पूड़ी बांटी गई। मौके पर शाला प्रबंधक समिति के पदाधिकारी सहित पालकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### छाती स्कूल में मनाया गया योग दिवस



**पुरी(धमतरी)।** स्व. भूपालमणि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छाती में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शाला विकास समिति राजेश चंद्राकर, शाला प्रमुख सीडी रात्रे, डॉ संतराम साहू आयुर्वेद हॉस्पिटल छाती, शिव चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, खुलेश चंद्राकर, मोनार्क चंद्राकर, अंबालिका साहू, सेवकराम खरे, दयालाल साहू, विनयप्रकाश साहू, अनीश कुमार साहू, त्रिलोचन कंवर समेत बड़ी संख्या में शिक्षकगण व बच्चे मौजूद रहे।

### स्कूल को एल्युमिनी समूह ने वाटर कूलर भेंट किया



**भखारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागतराई में एल्युमिनी समूह के सत्र 1991 के पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा वर्तमान छात्र-छात्राओं के उपयोगार्थ विद्यालय को वाटर कूलर भेंट किया गया। प्राचार्य श्रीमती पी. साहू ने भेंट स्वीकार कर पूर्व छात्रों को हमेशा विद्यालय से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया। एल्युमिनी प्रभारी केएल साहू ने पौधरोपण किया। मौके पर पूर्व छात्र झुम्मनलाल, पंकज प्रकाश, ललितनारायण, मेघसिंग, रामस्वरूप, नीलकुमार, गोंविद, तारेंद्र, पोखराज, बीरेंद्र व समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मना



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 14 में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भखारा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामकृष्ण नेताम ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का यह बलिदान दिवस हर साल 23 जून को मनाया जाता है। यह दिन भारतीय जनसंघ के संस्थापक की राष्ट्र के प्रति सेवाओं और जम्मू कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर नगर पंचायत भखारा के भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### शिक्षा ही विकास की पहली सीढ़ी : आशा



**धमतरी।** मकेश्वर वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद श्रीमती आशा लोधी रहीं। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तकें वितरित की गई। वार्ड पार्षद आशा लोधी ने अपने उद्बोधन में पालकों से बच्चों को नियमित शाला भेजने की अपील की और कहा कि शिक्षा ही विकास की पहली सीढ़ी है। मकेश्वर वार्ड का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। ये हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। मौके पर माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक लीलाराम नेताम, प्राथमिक शाला की प्रधानाचार्य श्रीमती मोनिका, श्रीमती चंद्रावती सिन्हा, अध्यक्ष नीतू ध्रुव, रामेश्वरी मानिकपुरी, उपाध्यक्ष सत्यभामा ध्रुव, उर्मिला एवं सदस्य अजय नेताम, सातो बाई, रामबाई, जामबाई, मंजू विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### भारत मां की सेवा सबसे बड़ी सेवा : वाधवानी



**धमतरी।** थल सेना भर्ती के लिए रवाना हो रहे फलेश सिन्हा (बठेना वार्ड) एवं डेविड नेताम (गट्टासिल्ली) के अग्निवीर में चयन होने पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी ने दोनों युवाओं का श्रीफल एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां के युवा बड़ी संख्या में सेना भर्ती में शामिल होकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भारत माता की सेवा और देश की रक्षा का अवसर सौभाग्यशाली लोगों को मिलता है तथा सरहद पर विपरीत परिस्थितियों में मोर्चा संभालने वाले सैनिकों को पूरा देश सलाम करता है। वार्डवासियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उन्हें प्रशिक्षण के लिए विदाई दी। इस दौरान वार्ड पार्षद भारती साहू, जीवनलाल सिन्हा, सुशील, सेवकराम धुरुव, ज्ञानचंद सिन्हा, चंदन रजक, हेमंत सिन्हा, अमर सिन्हा, शंकर माखीजा, अभिषेक गोयल, हेमंत यादव, गोलू पटेल, धन्नू पटेल, ईश्वरी बाई, उमा बाई, जयंती बाई, गणेश राम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।



# कारागुला में भीमसेनी एकादशी पर उमड़ा जनसैलाब, दो दिवसीय मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने किए महाबली भीमसेन के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

भीमसेनी एकादशी (निर्जला एकादशी)

- महाबली की भव्य प्रतिमा बनी आस्था का केंद्र





पर्व पर अंचल के ग्राम कारागुला में दो दिवसीय मेले का आयोजन हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर महाबली भीमसेन की पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर आयोजन समिति के विशेष आमंत्रण पर इस दो दिवसीय भव्य मेले में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य से लेकर विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने शिरकत की। सभी अतिथियों ने महाबली भीमसेन के दरबार में माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली और तरक्की की कामना की। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया।

मेले के दौरान मुख्य मंदिर परिसर में गदा धारण किए हुए महाबली भीमसेन भ्राता पांचों पांडव अर्जुन, युधिष्ठिर, नकुल एवं सहदेव समेत भगवान कृष्ण, माता कुंती एवं द्रोपती इत्यादि की विशाल, आकर्षक और जीवंत रंग-बिरंगी प्रतिमा स्थापित की गई थी, जो सभी आगंतुकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों में इस पारंपरिक उत्सव को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला।

सामाजिक मिलन का अनूठा उदाहरण

ग्रामीण अंचल में आयोजित होने वाला यह दो दिवसीय मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों के लिए सामाजिक मेलजोल और सांस्कृतिक एकता का एक बड़ा माध्यम साबित हुआ है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि जनप्रतिनिधियों और आम जनता के सहयोग से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से हुआ।

## खबर संक्षेप



### मीसाबंदी जगदीश का किया गया सम्मान

**सरायपाली।** 25 जून को लोकतंत्र के काले दिवस पर मीसाबंदी जगदीश लाल उपोवेजा के निवास पर पहुंचकर उनका शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए उनके संघर्ष, त्याग एवं योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसाबंदियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। इस दौरान मुख्य रूप से विपिन उपोवेजा, स्वर्ण सिंह सलूजा, धनेश नायक, प्रदीप साहू, प्रखर अग्रवाल, मनोज दास, शिवा जायसवाल, अमन ठाकुर, अमित प्रधान, टिंकू बाग, हिमांशु साहू, सुभाष चंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

### शेर स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**महासमुंद।** ग्राम शेर स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच अनिता हरेंद्र साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्राचार्य लाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में हितेंद्र शर्मा, हरेंद्र साहू समेत स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग जारी

**जगदलपुर।** तकनीकी शिक्षा विभाग के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काउंसलिंग 30 जून तक संचालित हो रही है। शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में स्थापित अभ्यर्थी सुविधा केंद्र में छात्राएं एवं पालक प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। संस्था में संचालित चार त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में इच्छुक अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया, ऑनलाइन पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं सीट चयन संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। बस्तर जिले एवं संभाग की छात्राओं को संभाग में स्थित पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश हेतु विशेष अवसर प्रदान करते हुए प्रवेश परीक्षा में छुट प्रदान की गई है।

## आयोजन : प्राथमिक शाला चंदरपुर में मनाया गया प्रवेशोत्सव

# विद्यालय में प्रवेशोत्सव पर बच्चों का मुंह मीठा कराया, मिलीं किताबें भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटपरपाली(कोमाखान)



ग्राम पंचायत पटपरपाली के प्राथमिक शाला चंदरपुर में शाला प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम माता सरस्वती की पूजा अर्चना वंदना कर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की गई। ततपश्चात अतिथियों का स्वागत के साथ ही नवागंतुक प्रवेशित छात्र छात्राओं का स्वागत वंदन कर मिष्ठान खिलाकर गणवेश प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि पटपरपाली सरपंच लता कमलेश टांडेय ने सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि पंचायत के स्कूल शिक्षा क्षेत्र की अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं के विकास की जिम्मेदारी पंचायत की शीर्ष प्राथमिकता है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। यही उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार करती है। नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों का समय पर विद्यालय में प्रवेश कराएं और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजें। विद्यालय केवल पढ़ाई करने का स्थान नहीं है, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास, संस्कार और भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है।

आज के बच्चे ही आने वाले समय में जागरूक नागरिक, जिम्मेदार युवा और समाज के नेतृत्वकर्ता बनेंगे। सरपंच ने कहा कि मोबाइल का त्यागकर पुस्तकों को अपनाएं, यही जीवन को सही मार्ग देते है। मनोरंजन एवं खेलकूद के लिए स्कूल परिसर में झूले एवं बाल क्रीड़ा उद्यान विकसित किया जाएगा साथ ही बेहतर शिक्षा के लिए मेरिट में आने वाले छात्र-छात्राओं को पंचायत से पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने पंचगगणों से आग्रह किया कि वे शाला प्रवेश उत्सव के दौरान अपने-अपने वार्डों में व्यक्तिगत सहभागिता करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे।

शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कृषि समिति पटपरपाली अध्यक्ष और अधिवक्ता कमलेश कुमार टांडेय, टेमरी (अ) पटपरपाली संकुल प्रभारी राधेश्याम निराला, प्राथमिक शाला चंदरपुर की प्रधान पाठक दिनेश साहू, शिक्षिका पूनम निषाद, चंदरपुर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंपी साहू, गांव प्रमुख सीताराम साहू, चरण साहू, पदुम साहू, दीनू साहू, शाला अध्यक्षगण रवि साहू सुशीला साहू, महिला समूह एवं प्रमुख पालकगण उपस्थित हुए।

## गड़बेड़ा स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम गड़बेडा के प्रमोद कुमार पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गड़बेड़ा की सरपंच बूंदाबाई नायक रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच प्रीतम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व उपसरपंच युवा वैज्ञानिक गौरव चंद्राकर, सुशीला महाजन, कविता निर्मलकर, यशवंतीन रात्रे, दुर्गा ध्रुव, लालाराम नाग, सोमनाथ पटेल, रतन ठाकुर एवं नारायण यादव उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि बूंदाबाई नायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, ताकि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रीतम साहू ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में आज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनेक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। विद्यार्थियों को इन अवसरों का पूरा लाभ उठाकर अनुशासन, परिश्रम और संस्कार के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि गौरव चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का जिम्मेदार नागरिक है। विज्ञान, तकनीक और नवाचार के इस युग में बच्चों को जिज्ञासु बनकर सीखने की आदत विकसित करनी चाहिए तथा अपने लक्ष्य के प्रति सदैव समर्पित रहना चाहिए। इस अवसर पर अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया, उन्हें मिठाई खिलाई तथा उपहार स्वरूप कॉपी एवं कलम भेंटकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय में प्राचार्य केके साहू एवं जनभागीदारी समिति के सहयोग से मां सरस्वती की प्रतिमा का विधि-विधानपूर्वक स्थापना एवं पूजन भी की गई। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक लोकनाथ सिन्हा तथा आभार प्रदर्शन संकुल प्राचार्य केके साहू ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त व्याख्याता, प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों के प्रधान पाठक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। इनमें महेश राम पटेल, मेदनी कुमार पटेल, रमेश कुमार प्रजापति, अनुपमा पीटर, गौरी शंकर पटेल, उमाशंकर नायक, नंद कुमार चौधरी, गायत्री सिन्हा, पुष्पा पटेल, तनुजा नागेश, लक्ष्मी रानी चौधरी, अनिता नायक, ओम प्रकाश मिश्रा, नीता जगत, जमुना प्रसाद जलक्षत्रि, नरेंद्र दीवान, संतोष साहू, बेदराम सिन्हा, सरस्वती पटेल, विवेक दीक्षित, लक्ष्मी पटेल, पवन पटेल, दयाराम पटेल, नरेश बरिहा, कृष्ण कुमार ठाकुर, सुलोचना पटेल, गिरजा साहू एवं हेमंत खुटे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, पालक, जनप्रतिनिधि एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# क्रूड सस्ता होने के बाद भी पेट्रोल डीजल सस्ता नहीं : आलोक

### जनता महंगाई से त्रस्त, भाजपा सरकार ठगने में मस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड छग के उपाध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस के सयुंक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की कथनी और करनी का अंतर एक बार फिर देश की जनता के सामने आ गया है। अमरीका-ईरान के बीच शांति समझौता होते ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल युद्ध से पहले के स्तर 74.64 डॉलर पर लौट आया है। तेल कंपनियों का मार्जिन एशिया संकट से पहले वाले स्तर से भी ऊपर पहुंच गया है। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली तक पेट्रोल पंपों पर एक रुपए की भी राहत जनता को नहीं मिली है। यह सीधे-सीधे जनता की जेब पर डाका है।

चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार तर्क दे रही है कि युद्ध के दौरान तेल कंपनियों को प्रतिमाह 30, 000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। अब कंपनियां पहले उस घाटे की भरपाई करेंगी, तब जाकर जनता को सस्ता पेट्रोल-डीजल मिलेगा। यदि ऐसा है तो केंद्र सरकार बताए कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड के दाम बढ़ते हैं तो तेल कंपनियां आधी रात को रेट बढ़ा देती हैं। उस समय जनता के नुकसान की भरपाई कौन करता है, तब तो सरकार कहती है कि दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार से तय होते हैं। आज जब क्रूड 45 डॉलर सस्ता हो गया तो वही फॉर्मूला कहां चला गया। सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार तेल कंपनियों के मुनाफे की चौकीदारी कर रही है और जनता को महंगाई की आग में झोंक दिया गया है। सरकार जहाज के किराए का बहाना भी बना रही है। बताया जा रहा है कि होर्मुज चार महीने बंद रहने से टैंकरों ने लंबे रास्ते लिए और अब किराया 9 गुना तक बढ़ गया है। यह तर्क भी खोखला है। होर्मुज अब खुल चुका है। शिपिंग कॉस्ट धीरे-धीरे सामान्य होगी, सरकार को जनता को तुरंत राहत देनी चाहिए। आलोक ने कहा कि क्रूड सस्ता होने का फायदा पहले जनता को मिलना चाहिए, बाद में कंपनियों के बैलेंस शीट सुधरें। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दाम तुरंत 15 रुपए प्रति लीटर कम किए जाएं। क्रूड में 45 डॉलर की गिरावट के बाद यह राहत बहुत छोटी है। सरकार यदि जनता का हित चाहती है तो बिना देरी के दाम घटाए। युद्ध और घाटे का बहाना अब नहीं चलेगा। तेल कंपनियों ने जनता से वसूली करके अपना घाटा पहले ही बहुत हद तक पाट लिया है। अब मुनाफाखोरी बंद होनी चाहिए। भाजपा सरकार याद रखे कि जनता सब देख रही है। महंगाई, बेरोजगारी और झूठे वादों से त्रस्त जनता अब हिसाब मांगेगी। क्रूड सस्ता होने के बावजूद पेट्रोल-डीजल महंगा रखना आर्थिक अपराध है, जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी।

### पीएम आवास योजना में गरीबों के साथ छल, साय सरकार जवाब दे : रश्मि



**महासमुंद।** कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में गरीबों के सपनों और अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन पात्र परिवारों को पक्का मकान मिलना चाहिए था, उनके नाम सूची से गायब हैं, जबकि अपात्र लोगों को लाभ मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। डॉ. रश्मि ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में गड़बड़ियों के कारण प्रदेशभर में आक्रोश का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं सूची में नाम नहीं आने से मां-बेटी आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर हो रही हैं, तो कहीं ग्राम सभाओं में विवाद और मारपीट की नौबत आ रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की संवेदनहीनता और बदहाल व्यवस्था का नतीजा है। उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कर सभी वंचित पात्र हितग्राहियों के नाम तत्काल जोड़े जाएं। साथ ही जिन अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों की लापरवाही से गरीब परिवार योजना से वंचित हुए हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। अंत में डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा, गरीबों के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा सरकार अब जवाब दे कि आखिर पात्र परिवारों को उनका हक कब मिलेगा? सिर्फ घोषणाओं और प्रचार से गरीबों का घर नहीं बनता। सरकार को जवाबदेही तय कर गरीबों के साथ हो रहे अन्याय को तत्काल खत्म करना चाहिए।

## ग्राम सभाओं में पीएम आवास के पात्र परिवारों की सूची का हुआ वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम पंचायतों में 24 जून बुधवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में महिलाओं की उपस्थिति अधिक रही। ग्राम पंचायत नर्रा, झिटकी, बिंद्रावन, उखरा, पंडरीपानी, परकोम, परसुली, खट्टी, राटापाली आदि जगहों पर शांतिपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। जहां पारदर्शिता के साथ पात्र परिवारों की सूची का वाचन हुआ। पक्के मकान की आस पूरी हुई। हरजरूरतमंद परिवार को आशियाना उपलब्ध कराने के संकल्प को गति देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस विशेष ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत सैकड़ों पात्र हितग्राहियों के नए आवास निर्माण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी और अनुमोदन प्रदान किया गया।

इन सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित बैठकों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंचायत सचिवों, पंचगणों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और योजना के हितग्राही उपस्थित रहे। ग्राम सभा के दौरान पूरी पारदर्शिता बरतते हुए पूर्व में छूटे हुए और नए पात्र परिवारों के नामों का वाचन किया गया। पश्चात उपस्थित ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों की सहमति से सैकड़ों आवास प्रस्तावों पर अनुमोदन कर मुहर लगाई गई। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की मंशानुरूप कोई भी गरीब और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाला परिवार पक्के मकान के लाभ से वंचित न रहे, इसे ध्यान में रखकर ही इस विशेष ग्राम सभा में पूरी सजगता से कार्य किया गया है। प्रस्तावों के अनुमोदन कर पारित किया गया।

# समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कार्यकारिणी की बैठक कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कार्यकारणी की आवश्यक बैठक 28 जून रविवार को जिला मुख्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में पदोन्नति सहित संगठन के अन्य मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएंगी। जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जिला कार्यकारणी की इस महत्वपूर्ण बैठक की विधिवत सूचना समस्त जिला पदाधिकारियों ब्लाक अध्यक्ष सहित उनकी कार्यकारणी संगठन के सक्रिय सदस्यों तक पहुंचा दी गई है। ईश्वर ने बताया कि वर्तमान में शिक्षकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिले में सैकड़ों स्कूलों में केवल एक शिक्षक ही कार्यरत है, जिसके चलते बच्चों की पढ़ाई सहित अकेला शिक्षक को स्कूल संचालन में समस्या है। जिले में विभिन्न स्कूलों में प्रधान पाठकों के सैकड़ों पदों पर पदोन्नति रुकी हुई है। डीपीसी होने के बाद भी विभाग पदोन्नति नहीं कर रहा। वही वीएसके एप के नाम पर लगातार शिक्षकों को अनावश्यक रूप से परेशान करने की शिकायत लगातार मिल रही है। वीएसके को लेकर लगातार नेटवर्क और तकनीकी समस्या आ रही है। जिसके चलते एप में कई शिक्षकों की हाजिरी नहीं लग पा रही है। इस विषय पर भी बैठक में आवश्यक चर्चा की जाएगी। साथ ही नये सत्र के शैक्षणिक गतिविधियों, रचनात्मक कार्यों सहित विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा। उन्होंने ने समस्त ब्लाक, जिला एवं प्रदेश पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होने की अपील की।

## राष्ट्रीय गतका रेफरी बने शिक्षक नीलम सिन्हा

### टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में हुआ चयन



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ गतका खेल संघ के लिए महासमुंद जिले के शिक्षक नीलम सिन्हा का राष्ट्रीय स्तर पर टेक्निकल ऑफिशियल (रेफरी) के रूप में चयन हुआ है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी में पदस्थ नीलम सिन्हा ने 21 से 23 जून तक जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित नेशनल गतका रेफरी कोर्स में सफलतापूर्वक भाग लेकर यह उपलब्धि हासिल की। इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ से तीन प्रतिनिधियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के निर्णायक बनने के लिए हुआ था। इनमें महासमुंद के नीलम सिन्हा, बलौदाबाजार के अविनाश जायसवाल और रायपुर के राजवीर सिंह छाबड़ा शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने गतका खेल की तकनीकी बारीकियों, नियमों और निर्णायक की भूमिका से जुड़े विशेष कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त किया। तीनों ने अपनी कार्यकुशलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ का राष्ट्रीय स्तर पर गौरव बढ़ाया।

जिला गतका खेल संघ महासमुंद के अध्यक्ष जसमीत सिंह मक्कड़ ने कहा कि इस उपलब्धि से प्रदेश में गतका खेल को नई दिशा मिलेगी और अधिक से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित होंगे। नीलम की इस उपलब्धि पर संघ की सचिव अंजू प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा तथा सदस्य अमरजीत सिंह, उत्तरा विदानी, कमल जैन, अन्नू भोई, रोशनी ध्रुव, तृषा शर्मा, योगेश्वर डड़सेना, गिरीश गजेंद्र और विजय पटेल ने हर्ष जताया है।

# कुड़ेकेल स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ेकेल में नवीन सत्र के शुभारंभ पर प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में भरत लाल डड़सेना सरपंच, बलिराम, त्रिभुवन जगत उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य मलिक एवं बलदेव मिश्रा द्वारा तिलक लगाकर कर किया गया। उसके पश्चात कक्षा पहली, छठवीं और नवमी के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया और पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच भरतलाल डड़सेना, प्राचार्य खिरोद्र मलिक, व्याख्याता बलदेव मिश्रा ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की तथा पालकों को अपने अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए अनुरोध किया। इस अवसर पर सरपंच एवं बलिराम द्वारा भेंट के लिए कलम तथा मिष्टान्न का व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में पालेकर, गुणमनी साहू, संजय अग्रवाल, शबाना दयाला, चंद्रपाल पटेल, संतोषी साहू, अंजू बरमते का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में पालकों में से राधेश्याम ठाकुर, पदमा साव, नरेंद्र साव, श्यामलाल सिदार सहित बहुत अधिक संख्या में पालकगण उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक गोवर्धन डड़सेना एवं संचालन प्रवीर कुमार बेहेरा प्रधान पाठक ने किया।